Title: Need to provide financial assistance for building a proper drainage system in Unnao city, U.P.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव के जनपद मुख्यालय उन्नाव पर ड्रेनेज न होने के कारण नागरिकों को बड़ी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहां पर ड्रेनेज की व्यवस्था न होने के कारण पानी की निकासी ठीक प्रकार से नहीं हो पाती है, जिससे पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। इससे न केवल पूरे शहर में दुर्गंध की स्थिति बनी रहती है बल्कि अचानक बीमारियां भी फैलती है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव शहर के लिए वित्तीय वर्ष में ड्रेनेज की व्यवस्था करवाये जाने के लिए धन का आबंटन सुनिश्चित करें ताकि वहां के नागरिकों को दुर्गंध से मुक्ति मिल सके और दुर्गंध के कारण शहर में फैल रही बीमारियों पर भी काबू पाया जा सके।